यूपी का काला नमक चावल सिंगापुर को निर्यात होगा

राज्य मुख्यालय | प्रमुख संवाददाता

निर्यात प्रोत्साहन विभाग के अपर मुख्य सचिव डा. नवनीत सहगल ने बताया है कि सिद्धार्थनगर जनपद का काला नमक चावल सिंगापुर निर्यात किया जाएगा। राज्य सरकार द्वारा एक जिला-एक उत्पाद योजना (ओडीओपी) के तहत किसानों को दी गई सुविधाओं के चलते इस तरह की सफलताएं मिलने लगी हैं।

डा. सहगल ने बुधवार को निर्यात प्रोत्साहन विभाग में ओडीओपी कार्यक्रम की समीक्षा की। इसमें सिंगापुर को निर्यात किए जाने वाले काला नमक चावल का प्रदर्शन किया। आकर्षक पैकेजिंग और चावल के अंदर मौजूद सभी खूबियों की जानकारी रैपर पर दी गई है।

काला नमक महोत्सव का आयोजन भी होगा

डा. सहगल ने कहा कि शीघ्र ही अंतर्राष्ट्रीय चावल अनुसंधान केन्द्र वाराणसी के सहयोग से सिद्धार्थनगर में अनुसंधान केन्द्र खोला जाएगा। इससे काला नमक चावल की वेरायटी, ब्रीड तथा उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलेगी। इससे जुड़े किसानों को स्थानीय स्तर पर बड़ा बाजार मुहैया कराने के लिए काला नमक महोत्सव का आयोजन भी किया जाएगा। काला नमक चावल का मार्केट बढ़ाने के लिए सरकार किसानों व उद्यमियों को हर सम्भव मदद देने को तत्पर है।

Page number-2 in Hindustan of 18/2/21